डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, वीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया

कार्तिक कृष्ण पक्ष 10 - 2083

भोपाल,दिन बुधवार 05,नवम्बर 2026

लव जैलसी

दुकानदार पर अंडेबाजी करने और मारपीट का वीडियो वायरल

भोपाल। कोलांबाली थाना क्षेत्र में मोजे की दुकान लगाने वाले युवक के साथ अंडेबाजी करते उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता से मारपीट का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित कन्हैया गुप्ता ने बताया है कि उसकी दुकान दयानंद चौक स्थित अग्रवाल भवन के पास है। 2 नवंबर को जेपी सातीर उसकी दुकान पर पहुंचा और उससे 10 हजार रुपए के लिए अंडेबाजी करने लगा। आरोपी पूर्व में भी उसे इस तरह की धमकियां दे चुका है। पीड़ित ने बताया कि जेपी सातीर जुआ-सट्टा गतिविधियों में शामिल रहता है और उसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। आरोपी के साथ पूर्व में मारपीट की घटनाओं के वीडियो वायरल होने का भी जिक्र किया है।

तुहेरों ने छात्र का आईफोन लूटा

भोपाल। छात्रावासों में मोबाइल सुटेरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। सरेशाम राहगीरों को निशाना बनाकर मोबाइल छीनने वाले बदमाश पुलिस के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। सिलसिलेवार इलाके में रविवार रात बाइक सवार दो बदमाशों ने एक छात्र को निशाना बनाते हुए उसके हाथ से आईफोन लूट लिया और फरार हो गए। इसी तरह की वारदात शाहपुरा इलाके में भी सामने आ चुकी है, जहां परिषद परिसर सीमेंट लिंट का मोबाइल लूटा गया था। चार दिन बीतने के बावजूद उस मामले में भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस के सुनियोजित इंकार तरीके निकारी 25 वर्षीय रिंपल सिंहारी सोमवार रात भोजन करने के बाद घर के बाहर टहल रहे थे।

हनुमान अंजर के गायक का आँखों का इलाज शुरू

भोपाल। जिला हनुमान अंजर में अपने ठेठ ही भजनों से हनुमान भजन गायक लोकप्रिय हुए दृष्टिबाधित लोक गायक सुनील लोधी की आँखों का इलाज शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर उनके उपचार की व्यवस्था की गई है। शिविर की सफलता के बाद मुख्यमंत्री ने सुनील की आंखों के इलाज का वादा किया था। अब इलाज शुरू होने से उनकी रोशनी लौटने की उम्मीद जगी है।

सफाईकर्मियों की हड़ताल से 85 वार्डों में कचरा कलेक्शन ठप

भोपाल। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब शहर की सफाई व्यवस्था पर दिखने लगा है। मंगलवार और बुधवार को सभी 85 वार्डों में घर-घर कचरा कलेक्शन नहीं हुआ। इससे दो दिनों में करीब 2100 टन कचरा जमा हो गया। बुधवार शाम मंत्रालय में अधिकारियों और कर्मचारी नेताओं के बीच हुई बातचीत भी बेनतीजा रही। यूनियन ने नियमितिकरण पर ठोस निर्णय होने तक हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया है। ऐसे में गुरुवार को भी कचरा कलेक्शन बंद रहेगा और जमा कचरे की मात्रा 3150 टन तक पहुंचने का अनुमान है। नगर निगम ने व्यवस्था संभालने के लिए करीब 900 कर्मचारियों को लगाया है।

ग्रीन पटाखों की कीमत 30% ज्यादा, प्रदूषण घटने के दावे पर सवाल

भोपाल। दीपावली पर प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से बाजार में उतारे गए ग्रीन पटाखों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सामान्य पटाखों के मुकाबले ये करीब 30 प्रतिशत महंगे हैं।

गर्माई सियासत: रु युवाओं का विरोध करना अधिकार, इसे देशद्रोह नहीं कह सकते रू दत्तात्रेय होसबाले

सरकार्यवाह बोले- युवाओं को भड़काने के पीछे हो सकती है साजिश, उनसे संवाद जरूरी

डीआर संवाददाता॥इंदौर

इंदौर में आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक संपन्न



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक बुधवार को संपन्न हो गई। देवी अहिल्या में 2 नवंबर से आयोजित इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। समापन के बाद संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरक्षण, युवाओं, एसआईआर, संगठन विस्तार, संघ के पंजीयन और सामाजिक विषयों पर अपनी बात रखी।

युवाओं के विरोध और रिजीय पेज वाली शासन व्यवस्था में बदलाव के सुर पर होसबाले ने कहा कि विरोध करना लोग जी (युवा पीढ़ी) का अधिकार है। उनके विरोध को देशद्रोह नहीं कहा जा सकता। हालांकि समाज में अशांति फैलाना और हिंसा के माध्यम से कानून को हाथ में लेना देशहित में नहीं है। संघ समाज का साथ चाहता है और उसे किसी राजनीतिक विचारधारा से जोड़ना ठीक नहीं आवश्यकता नहीं है।

बच्चों को मोबाइल से ज्यादा संस्कार जरूरी

बच्चों के मोबाइल और इंटरनेट इस्तेमाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी तरह मोबाइल से दूर रखने के बजाय उनके संस्कार दिए जाने चाहिए। बच्चा फिर को तय करना चाहिए कि बच्चों को कितना समय मोबाइल दिया जाए और वे कितनी देर उसका उपयोग करें। उन्होंने परिवारों से अपील की कि दिन में एक सप्ताह में आठ से दस घंटे तक सभी सदस्य मोबाइल से दूर रहकर साथ बैठें और सकारात्मक विषयों पर बातचीत करें। साथ, जोसेफ और साथ, जिस तरह की भी इसने कानूनी बाध्यता नहीं है।

80 देशों में संघ के स्वयंसेवक

अंतरराष्ट्रीय विस्तार के सवाल पर होसबाले ने बताया कि संघ के स्वयंसेवक करीब 80 देशों में सक्रिय हैं। उन्होंने संगठन की शाखाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए बंगाल में शाखाओं की संख्या में 150 गुना वृद्धि और केरल के हर गांव तक पहुंचने का दावा भी किया। उन्होंने युवाओं को संगठन और समाज से जोड़ने के प्रयासों की जानकारी दी।

आरक्षण सामाजिक आधार पर जारी रहना चाहिए

आरक्षण से जुड़े सवालों पर कहा कि आरक्षण सामाजिक आधार पर जारी रहना चाहिए। इसका उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक असमानता दूर करने के उद्देश्य से आरक्षण की व्यवस्था महत्वपूर्ण है।

एसआईआर सामान्य प्रक्रिया, इस पर राजनीति क्यों

सरकार्यवाह ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर उठाये गये कि सरकार और चुनाव आयोग की सभी पार्टियों के साथ बैठक होनी चाहिए। उन्होंने 15 करोड़ नाम डिलीट होने की बातों पर कहा कि इनमें ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो अब दुनिया में नहीं हैं। होसबाले ने बताया कि इन्हें भी एसआईआर के जरिये चिन्हित किया है।

बस से चरस की तस्करी करते युवक गिरफ्तार, 30 लाख रुपए की खेप जब्त

डीआर संवाददाता॥भोपाल

गोविंदपुरा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने बस के जरिए चरस की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब एक किलो चरस बरामद की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 30 लाख रुपए बताई गई है। आरोपी दिल्ली से बस के माध्यम से मादक पदार्थ लेकर जा रहा था।

गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवनेश सिंह तोमर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दिल्ली से हैदराबाद जा रही बस में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर गोविंदपुरा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने थाने के सामने बस को रुकवाया। इसके बाद यात्रियों और उनके सामान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक युवक के सामान से करीब एक किलो चरस बरामद हुई।

केरल निवासी युवक गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान केरल निवासी 27 वर्षीय जीजन के रूप में हुई है। टीम आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त और तस्करी से जुड़े नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। नारकोटिक्स ब्यूरो ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

बसों की लगातार हो रही जांच

थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व में बसों के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी के मामले सामने आने के बाद से, विभिन्न पुलिस थानों में बसों की लंबे समय से जांच की जा रही है। इसी अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी चरस कहां से लाया था और इसे कहां पहुंचाना था।

राहुल गांधी ईवीएम की चिंता छोड़ आत्मचिंतन करें, जेपी नड्डा

डीआर संवाददाता॥भोपाल



भोपाल पहुंचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के इतिहास और आपातकाल का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस मुद्दे से लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है, उसी संस्थान को उसने अपने शासनकाल में कई बार चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया।

दो हथियार तस्कर गिरफ्तार, चार पिस्टल और देशी कट्टा बरामद

पांच मैगजीन और सात कारतूस भी जब्त,पुलिस ने दोनों को रिमांड पर लिया

डीआर संवाददाता॥भोपाल



हनुमानगंज पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चार पिस्टल, एक देसी कट्टा, पांच मैगजीन और सात जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से हथियारों की खरीद-फरोख्त और उनके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक 3 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि किसी कॉलोनी चौराहे के पास एक व्यक्ति अवैध पिस्टल लेकर घूम रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से दो पिस्टल, दो मैगजीन और दो कारतूस मिले। उसकी पहचान तालिया निवासी फरमान मोहम्मद (32) के रूप में हुई।

पूछताछ में साथी का नाम आया सामने

फरमान से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने उसके साथी ऐलबान निवासी अंकित उर्फ बंसल (28) को भी गिरफ्तार किया। उसके पास से भी पिस्टल, एक देसी कट्टा, तीन मैगजीन और पांच कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार दोनों मिलकर अवैध हथियारों की तस्करी करते थे। एक आरोपी के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। दोनों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब हथियारों के स्रोत और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

कांग्रेस सेवादल की जंबो प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

डीआर संवाददाता॥भोपाल

मप्र कांग्रेस सेवादल की नयी प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने मप्र प्रभारी प्रतापभानु शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष अजयसिंह मार्तण्ड की सहमति से नई कार्यकारिणी को मंजूरी दी है। प्रदेश कार्यकारिणी में 142 प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा 18 जिला मुख्य संगठकों की नियुक्ति भी की गई है। नई कार्यकारिणी में 4 प्रदेश चार उपाध्यक्ष, 8 महासचिव, 81 सचिव, 53 संयुक्त सचिवों के संगठकों की नियुक्ति अलावा 18 जिला मुख्य एवं उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, 6 प्रदेश महासचिव, एक स्टेट मीडिया प्रभारी, एक स्टेट पीएम इंचार्जटर और 8 स्टेट इंचार्जटर नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा 61 प्रदेश सचिव, 53 संयुक्त सचिव और 3 प्रदेश समन्वयकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पीसिया और जम्मूनिर्वाचन के लिए कार्यालय एवं जो-कार्यालय भी नियुक्त किए गए हैं। अखिलेश मार्गव ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी और जिला मुख्य संगठकों की नियुक्तियों से प्रदेश में सेवादल संगठन मजबूत होगा।

निर्मला सप्रे की विधायकी पर दो महीने में फैसला करें, सुप्रीम

डीआर संवाददाता॥भोपाल

मध्यप्रदेश की बीना विधानसभा सीट से विधायक निर्मला सप्रे की सदस्यता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को दल-बदल से जुड़ी याचिका पर दो महीने के भीतर निष्पक्षपूर्वक फैसला करने को कहा है। यह आदेश नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया।

दरअसल, निर्मला सप्रे ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान 5 मई को सागर जिले के राहतगढ़ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में उनके भाजपा में शामिल होने को लेकर विवाद हुआ था। कांग्रेस ने इसे संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत दल-बदल विरोधी कानून का उल्लंघन बताते हुए उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की थी।

दल-बदल मामलों में देरी उचित नहीं

सुनवाई के दौरान उमंग सिंघार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने पक्ष रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दल-बदल से जुड़े मामलों का समयबद्ध निपटारा जरूरी है। ऐसे मामलों को लंबे समय तक लंबित नहीं रखा जाना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष के सामने सुनवाई पूरी

विधायक की सदस्यता को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के सामने सुनवाई पूरी हो चुकी है। उमंग सिंघार की ओर से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं, वहीं निर्मला सप्रे भी अपना पक्ष रख चुकी हैं। उन्होंने हाईकोर्ट में दाखिल जवाब में कांग्रेस में ही होने की बात कही थी। अब विधानसभा अध्यक्ष को दो महीने में निर्णय लेना होगा।

700 जवान तैनात, फिर भी पांच किमी तक जाम में फंसे रहे हजारों लोग

'अटल पथ से रोशनपुरा तक बैरिकेडिंग, 20 मिनट की पदयात्रा के लिए 45 मिनट तक थमा रहा ट्रैफिक'

डीआर संवाददाता॥भोपाल



राजधानी में बुधवार को भाजपा की ऐतिहासिक पदयात्रा-अनावरण हटाओ पदयात्रा के दौरान अलग-अलग ट्रैफिक व्यवस्था से आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। पदयात्रा दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक चली, लेकिन इसके लिए की गई बैरिकेडिंग के कारण आसपास के इलाकों में करीब 45 मिनट तक जाम लगा रहा। सुबह व्यवस्था में 700 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, इसके बावजूद हजारों वाहन चालक रास्ता तलाशते रहे।

शाम को गोविंदपुरा में भी जाम

दोपहर के जाम के बाद शाम को गोविंदपुरा क्षेत्र में भी यातायात प्रभावित रहा। आमी से भी तैयारियों के लिए गोविंदपुरा थाने से जबूरी मैदान तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क बंद होने से यातायात अव्यवस्थित से गोविंदपुरा की ओर जाने वाले एक मार्ग पर बोझिल हो गया है। इसके कारण रोजाना शाम को तीन से चार घंटे तक वाहन धीमी गति से चलते रहे हैं।

"इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा परेशानी"

अटल पथ से रोशनपुरा, न्यू मार्केट, डिपो चौराहा, जहांगीराबाद और कमला पार्क तक करीब पांच किलोमीटर के दायरे में वाहन रेंगे रहे।

सुबह 11 से दोपहर 1 बजे के बीच दफ्तरों और स्कूलों से लौटने वाले लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।

पदयात्रा में शामिल करीब एक हजार बसों के कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया।

अगलाहर जाने वाले मरीजों और जरूरी काम से निकले लोगों को भी परेशानी हुई।

निर्देश 9 नवंबर को प्रदेशभर में मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा पर्व, भोपाल के कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण

गौशालाओं में होगा गोपूजन, बैलगाड़ी प्रतियोगिता और गोपालकों का सम्मान भी होगा

डीआर संवाददाता॥भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि 9 नवंबर को पूरे प्रदेश में गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस दिन भोपाल में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन होगा, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश की सभी गोशालाओं में टीवी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा के माध्यम से गाय के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों की गोशालाओं में गोपूजन के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हों। गोपालकों और किसानों को भी इन आयोजनों में शामिल किया जाए। राज्य सरकीर कार्यक्रम में गोपाल कृष्ण धाम पुरस्कार योजना के तहत विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा गोपालकों को शाल, श्रीफल, पगड़ी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करने के निर्देश दिए गए हैं। गोवर्धन पूजा के अवसर पर बैलगाड़ी प्रतियोगिता भी आयोजित की जा सकेगी।

दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालकों को सरकार की ओर से दिए जा रहे प्रोत्साहन, अनुदान और तकनीकी सहायता की जानकारी दी जाए। साथ ही उन्हें दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

धनतेरस पर रजिस्ट्री अभियान

मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को धनतेरस के दिन मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों की रात-प्रतिरात रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक के साथ मंत्री भी पहुंचकर अभियान को सफल बनाएं। बेहतर काम करने वाले पटवारियों और तहसीलदारों को 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। उनकी उपलब्धियों को सर्वित बुक में भी दर्ज किया जाएगा।

खाद वितरण में लापरवाही पर कलेक्टर जिम्मेदार

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को जरूरत के अनुसार खाद और उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। किसी भी जिले में खाद की कमी या वितरण संबंधी परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए कलेक्टर से लेकर कृषि और विपणन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट रहें। बैठक में कृषि सचिव ने बताया कि प्रदेश में खाद आपूर्ति को लेकर कोई परेशानी नहीं है।

भोपाल में धनतेरस से लागू होगा ट्रैफिक प्लान,

11 फायर स्टेशनों पर 30 दमकल वाहन और 22 पानी के टैंकर रहेंगे तैयार, 500 कर्मचारियों की डबल शिफ्ट में ड्यूटी

डीआर संवाददाता॥रजधानी

धनतेरस से शुरू हो रहे पांच दिवसीय त्योहार के दौरान भोपाल के बाजारों में भीड़ और ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस और नगर निगम ने तैयारियां की हैं। भारी वाहनों के बाजारों में प्रवेश पर रोक रहेगी। वहीं, दिवाली के दौरान करीब 500 कर्मचारियों की डबल शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाएगी।

नगर निगम के फायर अमले ने शहर के 11 फायर स्टेशनों पर 30 दमकल वाहन और पानी से भरे 22 टैंकर तैयार रखे हैं। फायर ऑफिसर सौरभ पटेरिया के अनुसार, प्रत्येक फायर बाजार में एक दमकल तैनात रहेगी। न्यू मार्केट सहित पुराने शहर के बाजारों में भी फायर टीम अलर्ट रहेगी।

फतेहगढ़, सिंगी चौराहा, कोलार, होशंगाबाद रोड, एयरपोर्ट रोड और करीब सहित 11 स्थानों पर दमकलें तैनात रहेंगी। संकरी गलियों के बाजारों में प्रवेश पर रोक रहेगी। वहीं, दिवाली के दौरान करीब 500 कर्मचारियों की डबल शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाएगी। नगर निगम ने लोगों से पटाखे सावधानी से चलाने की अपील की है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक कृष्ण पक्ष 10 - 2083 | सीहोर, दिन बुधवार 05, नवंबर 2026

ब्यूरो चैतन्य

वीसी के माध्यम से बैठक में हुए शामिल

सीहोर।सुशासनदी डॉ. मोहन यादव ने सम्राट भवन में आयोजित बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सीहोर जिले के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालगुरु के., जिला पंचायत सीईओ राजेश यादव, अपर कलेक्टर कुलेश राकसिया एवं एसपी की प्रशांत चौबे शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने नशा विरोधी अभियान, नासकोटिक्स नियंत्रण की कार्रवाई की समीक्षा की।

कोचिंग संस्थानों को हर तीन महीने में देनी होगी प्रोग्रेस रिपोर्ट

सीहोर। नालंदरेस में नए कोचिंग नियम 2026 लागू होने के बाद 50 से अधिक विद्यार्थियों वाले संस्थानों को पिछले तीन साल का प्रवेश और परिणाम रिकॉर्ड वेबसाइट पर सार्वजनिक करना होगा। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग वैध बनाकर भेदभाव नहीं किया जा सकेगा। पहले से संचालित संस्थानों को 90 दिन में अनिवार्य पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। नियमों के उल्लंघन पर नोटिस और जुर्माने के बाद पंजीयन निलंबित या निरस्त किया जा सकेगा।

51 साल सेवा देने वाले ट्रांसफार्मर को दी विदाई

सीहोर। गुरुवार किया 132 केवी सब स्टेशन में करीब 51 साल तक बिजली आपूर्ति में योगदान देने वाले 20 एमवीए ट्रांसफार्मर को विदाई दी गई। वर्ष 1975 में स्थापित यह ट्रांसफार्मर नियमित देखरेख और मेंटेनेंस के कारण अपनी निर्धारित 25 साल की आयु से दोगुने समय तक चला। एमपी ट्रांसको ने इसे हटाकर अब 50 एमवीए क्षमता का नया आधुनिक ट्रांसफार्मर स्थापित किया है, जिससे क्षेत्र की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी।

मेंटेनेंस, आज चार घंटे बंद रहेगी पूरे शहर की बिजली

आष्टा।आष्टा 33 केवी ट्रांसमिशन लाइन पर मेंटेनेंस कार्य के चलते गुरुवार 5 नवंबर को सुबह 7 से 11 बजे तक पूरे आष्टा शहर की बिजली बंद रहेगी। बिजली कंपनी डी अनुसार इस दौरान पोलपुर और गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के साथ शासकीय व निजी अस्पताल, नगर पालिका, 33 केवी वाटर प्लांट, कोर्ट परिसर, तहसील परिसर, दोनों थाना परिसर, जनपद कार्यालय और गल्ला मंडी प्रांगण सहित संबंधित सेक्टों में बिजुल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि आवश्यक मेंटेनेंस के लिए यह शटडाउन लिया जा रहा है।

नीलामी शहर के पुराने इंदौर-भोपाल मार्ग स्थित बहुप्रतीक्षित हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज

बिना आधिकारिक लोकार्पण के ही वाहनों की आवाजाही शुरू

एमपीआरडीसी और ब्रिज कॉर्पोरेशन के दावे अधूरे, सामने की दीवार नहीं हटीय ढाई साल से परेशानी झेल रहे शहरवासियों को आंशिक



श्रीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के पुराने इंदौर-भोपाल हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज पर बिना आधिकारिक लोकार्पण के ही वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है। फिलहाल ब्रिज पर जीरो पॉइंटिया वाहन निकल रहे हैं, जबकि चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगी हुई है। निर्माण कार्य पूरी तरह पूरा नहीं होने के बावजूद लोगों ने राहत की उम्मीद में खुद ही ब्रिज से आवागमन शुरू कर दिया है। दूसरी ओर, निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी और ब्रिज कॉर्पोरेशन के समय पर काम पूरा करने के दावे अधूरे साबित हो रहे हैं।

एक नवंबर तक सफेद पट्टियां पूरी करने का था दावा

एमपीआरडीसी और निर्माण एजेंसी ने दावा किया था कि एक नवंबर तक ब्रिज पर सफेद पट्टियां बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी यह कार्य अधूरा है। ब्रिज पर डामर की अंतिम परत वाली वेयरिंग कोट भी नहीं डाली गई है। इसके चलते सड़क की सतह खुरदुरी बनी हुई है और वाहन चालकों को आवागमन के दौरान झटकों का सामना करना पड़ रहा है। ब्रिज के दिशानों के जोड़ों पर लोहे के सलिए भी बाहर दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा ब्रिज के सामने सड़ी की अंतिम परत भी अब तक नहीं हटाई गई है।

चार पहिया वाहनों के लिए अभी इंतजार

ब्रिज पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही शुरू होने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन चार पहिया वाहनों के लिए रास्ता अभी बंद है। अधूरे निर्माण और सुरक्षा संबंधी कार्य पूरे नहीं होने के कारण पूरी तरह यातायात शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में निर्माण एजेंसी के दावों और मौके की वास्तविक स्थिति के बीच जोर शोर से विरोधाभास देखा जा रहा है।

ढाई साल से परेशानी झेल रहे लोग

हाउसिंग बोर्ड चौराहा और फंटा चौराहा पर ओवरब्रिज निर्माण जनवरी 2024 में शुरू हुआ था। इसे जून-जुलाई 2025 तक पूरा किया जाना था, लेकिन निर्माण में देरी के कारण लोगों को लंबे समय तक परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान सड़क पर धूल, गड्ढों और वैकल्पिक व्यवस्था की अव्यवस्था के कारण आवागमन प्रभावित बना रहा। एलीव रोड के निर्माण को लेकर लोगों को प्रदर्शन और चक्का जाम करना पड़ा। अब दोपहिया वाहनों की आवाजाही शुरू होने से कुछ राहत मिली है, लेकिन ब्रिज का पूरा संचालन शुरू होने के लिए बाकी कार्यों का पूरा होना जरूरी है।

भोपाल जा रहा 42 क्विंटल संदिग्ध मावा पकड़ा, 107 बोरियां जब्त



श्रीआर संवाददाता>>श्यामपुर

त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। श्यामपुर में पुलिस और खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त टीम ने एक आपत्तिजनक वाहन से करीब 42 क्विंटल संदिग्ध मावा जब्त किया है। सिंह के पुलपापुर से भोपाल ले जाई जा रही इस खेप में मावे की 107 बोरियां मिलीं। विभाग ने मावे के क्रय, परिवहन और संबंधित लाइसेंसों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।

लैब रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीकमी कर्मे के अनुसार, मावे के नमूने लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। पूरी रोक को सख्त होने से बचाने के लिए डीजल कटौत्ता में सुविधा उपलब्ध गया है। प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद मिलावट पर लंबा जुर्माना वसूला जाएगा। लाइसेंस निलंबन की जांच कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने श्यामपुर में संदिग्ध आधार वाहन को रोककर तलाशी ली। वाहन में मावे से भरी 107 बोरियां रखी थीं। प्रारंभिक बोरी में करीब 40 किलो मावा होने के कारण कुल वजन लगभग 42 क्विंटल आंका गया। जब्त वाहन का नंबर डब 04 एल 6938 है। चालक की पहचान सत्यभान सिंह के रूप में हुई है।

आपूर्ति के दस्तावेज नहीं मिले

प्रारंभिक जांच में मावे की आपूर्ति और बिलिंग्स्थल से संबंधित पक्का दस्तावेज नहीं मिल सके। इसके बाद विभाग ने माल के क्रय, परिवहन और संबंधित लाइसेंसों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है।

खेत में गांजे का पौधा उगाने वाला आरोपी गिरफ्तार, 13,500 रुपए का पौधा जब्त



श्रीआर संवाददाता>>सीहोर

एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत श्यामपुर पुलिस ने खेत में अवैध रूप से गांजे का पौधा उगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से करीब 13,500 रुपए कीमत का गांजे का पौधा जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार, 3 नवंबर को सूचना मिली थी कि ग्राम धानलावाली में एक व्यक्ति ने अपने खेत में गांजे का पौधा लगा रखा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और पौधा जब्त किया। सामले में थानसिंह मीणा (30) पिता नवल सिंह मीणा निवासी ग्राम धाटखलाली के विरुद्ध अपराध क्रमांक 231/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सोनाली सक्सेना के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में की गई। इसमें थाना प्रभारी सत्यम सिंह यादव सहित श्यामपुर पुलिस की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार मकान के गेट से टकराई, एनसीपी जिलाध्यक्ष की पत्नी घायल



श्रीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के पुराना कैंचली सेंट पर बुधवार दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर मकान के मुख्य गेट से टकरा गई। हादसे में गेट के पास मौजूद महिला नालंदीय घायल हो गई। उनके पैर में गंभीर चोट आई है। कार की टक्कर से मकान का मुख्य दरवाजा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

घायल नालंदीय राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बाल सिंह नालंदीय की पत्नी हैं। परिजनों के अनुसार कार बच्चे भी और से किंटर प्लांट की तरफ जा रही थी। इसी दौरान मोड़ पर चालक का वाहन से संतुलन बिगड़ गया और कार सड़क किनारे स्थित मकान एवं दुकान के गेट से जा टकराई। हाल सिंह नालंदीय ने चालक पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने उनकी शिकायत पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना प्रभारी निरीश दुबे के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने पीड़ाहरे पर वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए गतिरोधक बनाने की मांग की है।

विश्व रिकॉर्ड, बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम



श्रीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले की नन्ही प्रतिभा अश्विनी गजमोदय ने अपनी असाधारण स्मरण शक्ति और फोटोग्राफिक क्षमता से सीहोर का नाम रोशन किया है। उन्हें प्रतिष्ठित यूके ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से विश्व रिकॉर्ड के सिलाब से सम्मानित किया गया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार, अश्विनी ने मात्र 1 वर्ष 11 माह और 26 दिन की उम्र में अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इतनी कम उम्र में यह विभिन्न रंगों, आकारों, जानवरों और उनकी आवाजों की पहचान कर लेती हैं। इसके अलावा उन्हें अंग्रेजी वर्णमाला और अंकों की भी अच्छी पहचान है। प्रमिकी की यह उपलब्धि 18 अक्टूबर को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज की गई। उन्हें जारी किए गए प्रमाण पत्र के अनुसार, अश्विनी ने अपनी असाधारण स्मरण शक्ति का प्रदर्शन करते हुए बिजली के खंभे पर लगी विज्ञापन प्रतिमा का प्रदर्शन किया। इतनी कम उम्र में यह विभिन्न रंगों, आकारों, जानवरों और उनकी आवाजों की पहचान कर लेती हैं। इसके अलावा उन्हें अंग्रेजी वर्णमाला और अंकों की भी अच्छी पहचान है। प्रमिकी की यह उपलब्धि 18 अक्टूबर को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से जारी किए गए प्रमाण पत्र के अनुसार, अश्विनी ने मात्र 1 वर्ष 11 माह और 26 दिन की उम्र में अपनी विलक्षण प्रतिभ

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर कार्तिक कृष्ण पक्ष 10 - 2083 सीहोर, दिन बुधवार,दिनांक 05 नवम्बर 2026

न्यूज गैलरी

फल–सब्जी मंडी में 12 नवंबर तक अवकाश

आष्टा। दीपावली पर्व के चलते आष्टा की फल–सब्जी मंडी में 5 से 12 नवंबर तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। 13 नवंबर को शुभ मुहूर्त में नीलामी दोबारा शुरू होगी। व्यापारी संगठन अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने मंडी सचिव नरेंद्र मेवाल को आवेदन देकर अवकाश की सूचना किसानों तक पहुंचाने के लिए मुनादी कराने की मांग की है। संगठन ने किसानों और व्यापारियों से 13 नवंबर को लहसुन, प्याज और अन्य उपज लेकर मंडी पहुंचने की अपील की है।

सुबह–रात में बढ़ी ठंड, दिन में धूप की चुभन

आष्टा। नगर और आसपास के क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। सुबह और रात के तापमान में गिरावट से ठंड बढ़ गई है, जबकि दिन में तेज धूप की चुभन बरकरार है। ठंडी हवाओं के चलते लोगों ने गर्म कपड़े निकालना शुरू कर दिए हैं। मौसम के उतार–चढ़ाव का असर स्वास्थ्य पर भी दिखाई दे रहा है। सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। चिकित्सकों ने सावधानी बरतने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

आष्टा मंडी में 23,288 क्विंटल उपज की आवक

आष्टा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को कुल 23,288 क्विंटल उपज की आवक हुई। सोयाबीन पीला अधिकतम 4,100 रुपए और सर्वोच्च भाव 4,881 रुपए प्रति क्विंटल तक मिला। चौड़ी लोकवन के भाव 2,830 से 3,720 रुपए रहे। पर्व 7,800 से 8,500 और मसूर 5,200 से 6,001 रुपए प्रति क्विंटल बिकी। फल–सब्जी मंडी में 706 क्विंटल आवक रही। प्याज 520 से 4,150 और लहसुन 1,900 से 18,420 रुपए तक बिका।

मेंटेनेंस के चलते आज चार घंटे बंद रहेगी शहर की बिजली

आष्टा। 33 केवी इलेक्ट्रिक लाइन के मेंटेनेंस के चलते गुरुवार 5 नवंबर को सुबह 7 से 11 बजे तक पूरे शहर की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली कंपनी के अनुसार परेतू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के साथ अस्पताल, नगर पालिका, वाटर प्लांट, बोर्ड, तहसील, थाना, जनपद कार्यालय और गल्ला मंडी क्षेत्र भी प्रभावित होंगे। आवश्यक रखरखाव के लिए सहयोग देने का लिया जा रहा है। परिस्थितियों के अनुसार समय में बदलाव संभव है।

मंडी गेट के बाहर ट्रैक्टरों की कतारें, छह चालकों पर कार्रवाई

आष्टा। कृषि उपज मंडी में बंपर आवक के चलते मंडी गेट के बाहर ट्रैक्टरों की कतारें लगने से यातायात प्रभावित हो रहा है। यातायात संचालन के लिए यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर प्रगम किया। पुलिस ने ट्रैक्टरों को कतारबद्ध कराया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले छह वाहन चालकों के चालान बनाए। कार्रवाई के दौरान कुल 5,600 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया।

उपवास तप के 11वें दिन बढ़ौदा के महावीर भाई व भावना बहन परिवार का सम्मान

आष्टा। श्री मोतिलाल ऋषभदेव जैन मंदिर स्थित उपाश्रय में चल रही 51 दिवसीय उपवास तप आराधना के 11वें दिन गुजरात के बढ़ौदा से आए महावीर भाई व भावना बहन परिवार का समाजजनों ने बहुमान किया।

निर्देश बारह खांबा मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक, दिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

झूलों की सुरक्षा जांच, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता और चिकित्सा सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

डीआर संवाददाता>>सीहोर

इछावर सहलोल के धाम देवपुरा में दीपावली के दूसरे दिन आयोजित होने वाला बारह खंबा मेला क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है। मेले में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू आयोजन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री बालगुरू के. ने मेले की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री बालगुरू के. ने निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में लगाए जाने वाले झूलों की मजबूती एवं सुरक्षा की जांच आयोजन से पहले अभियंत्रण स्तर से कराई जाए, ताकि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। उन्होंने संबंधित तकनीकी अधिकारियों को सुझाव दिया कि झूलों के संचालकों को भी सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।



यातायात प्रबंधन को लेकर कलेक्टर ने कहा कि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए और सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएं। उन्होंने रामी दिशानों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने भी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव, तहसीलदार श्री गजेन्द्र लोधी एवं जनपद सीईओ श्रीमती कमलेश पोरस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने घटाया बाजार का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री बालगुरू के. , एएसपी डॉ प्रशांत चौबे, एसडीएम श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव मुनि ने घटाया बाजार के लिये निर्धारित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री बालगुरू के. ने घटाया दुकानों के आवंटन, दुकानों के बीच निर्धारित दूरी, अग्नि सुरक्षा के इंतजाम तथा सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बाजार में की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री बालगुरू के. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घटाया बाजार में सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। दुकानों पर अग्निशमन यंत्र एवं रेत-पानी की पर्याप्त व्यवस्था सभी जगह तथा निर्धारित लम्बाई पर ही घटाओं का विक्रय हो। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से सतत निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।



मंडी में आधी रात को लहराए हथियार, किसानों में दहशत



डीआर संवाददाता>>सीहोर

नगर की नवीन कृषि उपज मंडी में सोमवार आधी रात किसानों और पल्लेदारी के कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान दर्जनभर लोगों ने, किसानों को धमकाने और एक किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली में तोड़फोड़ करने के आरोप लगे हैं। घटना के बाद मंडी में मौजूद किसानों में दहशत फैल गई। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, विवाद की शुरुआत ट्रैक्टर से तौल कराने में सामंजस्य बनाने को लेकर हुई थी। इसी बात पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जो बढ़कर विवाद में बदल गई। इस दौरान तालाबार लहराने और किसानों को धमकाने के आरोप भी सामने आए हैं। एक किसान की ट्रैक्टर-ट्रॉली को नुकसान पहुंचाने की शिकायत भी की गई है।

किसान संघ ने उठाया सुरक्षा का मुद्दा

घटना के बाद किसान संघ के पदाधिकारियों ने एडीजीपी दीपक कुमार जैन से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और किसानों की सुरक्षा की मांग की। संघ ने मंडी परिसर में 24 घंटे के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई। किसानों का कहना है कि वे रात में भी उपज लेकर मंडी पहुंचते हैं, ऐसे में व्यापार से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम जरूरी हैं।

शासकीय जमीन की होगी जांच

शासन से आवंटित पट्टा भी संदेह के घेरे में

तालाबांध मुनि पद यात्रा के संबंध में पटवारी से उनके कार्यों जानकारी। रोपोर्ट शासन होने के बाद तिलकपुरा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

"सौरभ शर्मा, एसडीएम"

सीवन नदी से जलकुंभी और कचरे के साथ निकलीं धार्मिक पुस्तकें

डीआर संवाददाता>>सीहोर



शहर की जीवनदायिनी सीवन नदी को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से शुरू हुआ स्वच्छता अभियान अब शहर पूरा तक पहुंच गया है। पिछले तीन दिनों से चल रहे सफाई कार्य के दौरान नदी के गंदे स्थानों से नीरा, पुराण, रामायण, हनुमान चालीसा और देवी-देवताओं के चित्र जलकुंभी व कचरे के साथ निकाले गए।

सीवन गुप्त प्रदीप चावरा ने बताया कि टीम का लक्ष्य वर्ष 2026 तक सीवन नदी को जलकुंभी मुक्त करना है। जलकुंभी पानी को ढंककर नदी के प्राकृतिक स्वरूप को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि अभियान से लगातार लोग जुड़ रहे हैं और दूसरे राज्यों से भी नदी संरक्षण के लिए सहयोग मिल रहा है।

अभियान में भाटिया और पुरुष स्वयंसेवक लगातार श्रमदान कर नदी संरक्षण में योगदान दे रहे हैं।

एकलव्य टी-20 लीग में भोपाल लेपर्ड और एजीसीए की शानदार जीत

डीआर संवाददाता>>सीहोर

वीएलबी क्रिकेट मैदान पर आयोजित सैफिक एकलव्य टी-20 लीग प्रतियोगिता के चौथे दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में भोपाल लेपर्ड ने निर्धारित क्रिकेट इंदौर सीनियर को 33 रन से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में एजीसीए ने वेग भोपाल को 44 रन से शिकस्त दी।

पहले मुकाबले में भोपाल लेपर्ड ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 219 रन बनाए। राहुल सोलोनिया ने 44 गेंदों पर 83 रन की शानदार पारी खेली। अंकुश सिंह ने 33 और कनक त्रिवेदी ने 26 रन बनाए। जवाब में इंदौर सीनियर की टीम 9 विकेट पर 186 रन ही बना सकी। हर्षवर्धन ने 83 और अभिषेक ने 46 रन बनाए।



दूसरे मुकाबले में एजीसीए ने 9 विकेट पर 204 रन बनाए। ताहब भदौरिया ने 47 गेंदों पर 93 रन और दिव्यांश साहू ने 47 रन का योगदान दिया। जवाब में पीछा करते हुए वेग भोपाल की टीम 160 रन पर सिमट गई।

आईपीएल खिलाड़ी भी प्रतियोगिता में शामिल

मंत्रीय प्रभारी दिनेशचंद्र दीक्षित ने बताया कि प्रतियोगिता में आईपीएल में रणजीट्रॉफी हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर चुके अभिषेक शर्मा और आशुतोष शर्मा सहित कई अंतरराज्यी खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के क्रिकेट प्रेमियों में चर्चा है। मैच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और शासकीय औपचारिकताओं को सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन की टीम मौजूद रही।

काले पहाड़ गणेश मंदिर में भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिला मुख्यालय के समीप स्थित काले पहाड़ गणेश मंदिर में बुधवार को मनबोदरा धाम पंचायत सरपंच संगठन के तत्वावधान में भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन किए और प्रसादी ग्रहण की।

इस अवसर पर मंदिर की व्यवस्था संभाल रहे पुजारी रामभरण दास महाराज का ग्राम पंचायत सरपंच संगठन के अध्यक्ष घनश्याम मेवाड़ा, करणी सेना अध्यक्ष इंदरा सिंह ठाकुर और सरकार मय प्रभारी मनोज दीक्षित माना ने सम्मान किया। मनोज दीक्षित ने बताया कि स्थानीय मान्यता के अनुसार इसी पहाड़ से भगवान गणेश का स्वरूप प्रकट हुआ था। पहाड़ पर प्राचीन हनुमान और शिव मंदिर के साथ राम मंदिर एवं मां नर्मदा मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व के कारण यह स्थान श्रद्धालुओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है।

उन्होंने बताया कि मंदिर का जल्द जीर्णोद्धार कराने की पहल की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। आयोजन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।



खेत बचाओ अभियान के तहत ग्राम चरनाल में किसानों

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत सीहोर विकासखंड की ग्राम पंचायत चरनाल में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को नरवाई प्रबंधन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नरवाई के उचित प्रबंधन के लिए उपयोग किए जाने वाले डिस्क्लिंग कृषि यंत्रों की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं खेती की उत्पादकता बनाए रखने के लिए आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। कृषि अधिकारियों ने बताया कि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए पर्यावरण का संतुलित मात्रा में उपयोग करना आवश्यक है।



इसके साथ ही मिट्टी की सेहत सुधारने, भूमि संरक्षण तथा खेतों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के विभिन्न तरीकों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया।

कार्यक्रम नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल , महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिला चिकित्सा सेवा प्राधिकरण, सीहोर द्वारा संचालित "सुरक्षित बचपन अभियान-दुर्घटना बचपन, मेरा अधिकार" के अंतर्गत नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल , महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंडी क्षेत्र के सेट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय बीएड राजुज विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, बाल विवाह की रोकथाम, बाल शोषण से बचाव तथा सुरक्षित बचपन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री अनुराग सिंह कुशवाह एवं न्यायाधीश श्री अरविंद सिंह गुर्जर द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में श्री काशक आहाद सिद्दीकी, साइबर सेल से श्री सुशील रघुने तथा शिक्षालय संगठन श्री सुमन रघानी की सहभागिता रही। कार्यक्रम की उप-थीम थ्रुरक्षित बिलक, सुरक्षित बचपन के अंतर्गत विद्यार्थियों को इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर अपराधों तथा डिजिटल माध्यमों पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इसी दिन महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री अनुराग सिंह कुशवाह एवं अतिरिक्त न्यायाधीश पी. नरेंद्री फोल द्वारा विद्यार्थियों को बाल अधिकारों एवं बाल संरक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य वर्षा राठौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की उप-थीम थ्योनो, बताओ, बचाओ के माध्यम से बच्चों को किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न अथवा असुरक्षित परिस्थिति का सामना होने पर बिना संकोच अपनी बात कहने, विश्वसनीय व्यक्ति को जानकारी देने तथा समय पर सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री अनुराग सिंह कुशवाह तथा न्यायाधीश श्री सलीम जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम की उप-थीम "न बाल विवाह, न बाल शोषण" के तहत बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल शोषण की पहचान, कानूनी अधिकारों एवं संरक्षण के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई।

इछावर ने आशाढ़ को 2-1 से हराया



डीआर संवाददाता>>सीहोर

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के छठे दिन इछावर और आशाढ़ की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इसमें इछावर ने 2-1 से जीत दर्ज की।

मध्यांतर तक दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर थीं। इसके बाद इछावर की टीम ने 61वें मिनट में गोल कर बढ़त बनाई और अंतिम मिनट में दूसरा गोल दागकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच के अतिथि जिला फुटबॉल संघ के वरिष्ठ गोलकीपर अरुण सतीर रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिश्रम द्वारा कर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

न्यूज गैलरी

विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति आवेदन शुरू

विदिशा। जनजाति वर्ग (ओबीसी) के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना 2026-27 के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। योजना के तहत विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर, पीएचडी और पोस्ट-पीएचडी की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी। इसकी जिला समन्वयक हेमलता पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 21 हजार रुपए तक की आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए समग्र आईडी के साथ डिजिटल जाति, आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र आवश्यक हैं। आवेदन लॉक करने के 15 दिन के भीतर डिस्ट्रिक्ट और स्वप्नशिल इलाकेक गोपाल रिसल जिलाधीश अशुक कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

जनसुविधा के लिए दीं दो बेंच और 21 हजार रुपए

विदिशा। स्व. कुंवेर कनिवेदन की रेलवाणी पर उनके परिजनों और दोस्तों ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। परिवार की ओर से गांधी स्थान में प्रवास करने वाले लोगों की सुविधा के लिए दो बेंच भेंट की गईं। साथ ही भगवान परशुराम मंदिर एवं शर्मा ब्राह्मण धर्मशाला के लिए 21 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। इस पहल की नगर की प्रमुख हस्तियों ने सराहना की। इस अवसर पर पंडित अभिनंदन मोंड जैन, कवि मोहन राजोरिया, मोहित पेमोलिया, प्रवीण शर्मा, जतिंद्र शर्मा, ओमी अग्रवाल एकवीं, अतीत शर्मा, गणमोहन बंसल, राजकुमार शर्मा और श्याम तिवारी राहिल अनेक लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने मधुकर शर्मा और विपुल शर्मा के इस नवाचार को सम्मान के लिए अनुकरणीय बताया।

अपना घर आश्रम में जिला सम्मेलन हुआ

विदिशा। सिद्धल नगर स्थित अपना घर आश्रम में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाओं का जिला सम्मेलन एवं राष्ट्रभोज आयोजित किया गया। इसमें विदिशा, गंजबासौदा और सिरोंज की 40 शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। श्री तुलसी समुन सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन में शिक्षिकाओं के मानदेय संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही दीपावली के उपलक्ष्य में उन्हें साड़ियां, बेडशीट और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के जिला अध्यक्ष राजेश माथुर, राजेश भार्गव, विठ्ठलदास डागा, डॉ. जीवी महेश्वरी, ओएस चौहान, वर्षा अग्रवाल, राजबाला बघेल, अंशिन जैन, विधु शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

स्कूटी की राशि को लेकर विवाद, संकुल प्रभारी का बच्ची को फेंकने का वीडियो वायरल

संकुल प्रभारी कमल सिंह मीणा पर छात्रा के पिता को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का आरोप, डीईओ ने दिए जांच के आदेश

डीआर संवाददाता ■■ विदिशा

जिले के म्यारसपुर जनपद सिंहा केंद्र के अंतर्गत आने वाले संकुल मालगीद के प्रभारी कमल सिंह मीणा का एक विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हलचल मच गई है। वीडियो में संकुल प्रभारी अपनी ही बच्ची को उठाकर फेंकने हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, निवास के दौरान छात्रा के पिता को बच्ची की हत्या के झूठे मामले में फंसाने और चार गवाह खड़े करने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है।





मामले की शुरुआत छात्रा को मिलने वाली स्कूटी की राशि में देरी को लेकर हुई। जानकारी के अनुसार सामरोद क्षेत्र की एक छात्रा ने कक्षा 8वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की थी। मध्यप्रदेश शासन की योजना के तहत उसे स्कूटी खरीदने के लिए राशि मिलनी थी, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी राशि उसके बैंक खाते में नहीं पहुंची थी। इसी समस्या को लेकर छात्रा के पिता सुमन पौडान स्कूल के प्राचार्य और संकुल प्रभारी कमल सिंह मीणा से मिलने पहुंचे थे।

राशि जारी कराने के नाम पर खर्च मांगने का आरोप

बताया जा रहा है कि बातचीत के दौरान संकुल प्रभारी ने आगामी कार्रवाई पूरी होने और राशि नहीं आने में अपनी कोई गलती नहीं होने की बात कही। वहीं, आरोप है कि उन्होंने राशि जल्दी जारी कराने के लिए कुछ खर्च करने की बात भी कही। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर मामला काफी गरमा गया।

वीडियो में बच्ची को उठाकर फेंकते दिखे

विवाद के दौरान संकुल प्रभारी ने अपनी ही बच्ची को उठाकर फेंक दिया। आरोप है कि इसके बाद उन्होंने छात्रा के पिता को धमकी देते हुए कहा कि बच्ची की हत्या के मामले में उन्हें फंसा देंगे और इसके लिए चार गवाह भी तैयार कर देंगे। बताया जा रहा है कि पहले से बनाए गए वीडियो को डिलीट नहीं करने की बात को लेकर भी विवाद बढ़ा था। इसी घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

स्कूटी की राशि और कार्रवाई पर उठे सवाल

घटना के बाद अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। छात्रा की स्कूटी की राशि एक साल तक आने में क्यों नहीं पहुंची? क्या राशि जारी कराने के नाम पर वास्तव में किसी अधिकारी के खर्चे की मांग की गई थी? वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे घटनाक्रम और उसकी के आरोपों पर विभाग क्या कार्रवाई करेगा? मामले में पिता शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने संबंधित संकुल प्रभारी के विरुद्ध जांच कराने और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग रखी है। जिलाधीश कार्यालय वीडियो और लगाए गए आरोपों को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है।

23 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर बुजुर्ग से 69.27 लाख की ठगी



डीआर संवाददाता ■■ विदिशा

जिले में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। ठगों ने बिजली कंपनी के 70 वर्षीय रिटायर्ड अकाउंटेंट प्रदीप कपाड़े को 23 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर करीब 69.27 लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों ने खुद को मुंबई अधिकारी बताकर स्काई लाइट्स के मामले में फंसाने का डर दिखाया और लगातार वीडियो कॉल के जरिए निगरानी रखी।

जानकारी के अनुसार, 5 अक्टूबर को बुजुर्ग के पास फर्जी टेलीकॉलिंग प्लेटफॉर्म बनाकर फोन आया। कॉल करने वाले ने एनके नाम से फर्जी सिम चारी होने और मुंबई के कोलाबा थाने में एफआईआर दर्ज होने की बात कही। इसके बाद मौत कथित पुलिस अधिकारियों और चार अधिकारियों से जोड़ दी गई। ठगों ने पहचान पत्र और इंस्पेक्शन ऑर्डर लेटरहेड में होने का आरोप लगाकर उन्हें कराया। आरोपियों ने 6 से 28 अक्टूबर तक बुजुर्ग दंपती को घर में ही रहने और किसी बाहरी व्यक्ति से संपर्क नहीं करने का दबाव बनाया। वीडियो कॉल चालू रखने के साथ फर्जी पुलिस और अदालत की कार्रवाई का ड्रामा भी किया गया।

बैंक के होल्ड से खुला ठगी का मामला

28 अक्टूबर को ठग ने रोटेक्स लेनदेन के बहाने 16 लाख रुपए के ट्रांजैक्शन पर होल्ड लगा दिया। इसके बाद प्रदीप दोनों पक्षों के लिए सिविल लाइन थाने पहुंचे। पुलिस को संदेह होने पर पूछताछ की गई और मोबाइल की जांच में ठगी का खुलासा हुआ। साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए ठगों के खातों में जमा 28 लाख रुपए फ्रीज करा लिए हैं। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही पीड़ित की शेष राशि वापस दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों की तलाश के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं।

कुरवाई की दुकान से 5 किलो गंधक-पोटाश जब्त संचालक गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ■■ विदिशा

जिले के कुरवाई में पुलिस ने बिना वैध लाइसेंस विस्फोटक रखने के मामले में एक दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हनुमानगंज क्षेत्र में हनुमान मंदिर के सामने स्थित चाय-नाश्ते की दुकान से करीब 5 किलो गंधक-पोटाश जब्त किया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि दुकान में गंधक-पोटाश रखा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। इस दौरान दुकान के बाहर रखे सफेद पाउडरिया के थैले में सफेद पन्नी के अंदर पीले-सफेद रंग का पदार्थ मिला। जांच में इसकी पहचान गंधक-पोटाश के रूप में हुई। इसका कुल वजन करीब 5 किलो पाया गया।



पुलिस ने दुकान संचालक आकाश उर्फ पोलेड़ा कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ बिना वैध लाइसेंस विस्फोटक सामग्री रखने के आरोप में विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(बी) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपी से आतिशबाजी और अन्य विस्फोटक सामग्री के स्रोत को लेकर पूछताछ की जा रही है।

गंजबासौदा में ब्राउन शुगर और अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ■■ गंजबासौदा।

शहर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बुधवार को चार अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 12 ग्राम ब्राउन शुगर और 12 पेटी अवैध देसी शराब जब्त की है। जब्त सामग्री की बाजार में कुल कीमत करीब 2.10 लाख रुपए आंकी गई है।

दो स्थानों से ब्राउन शुगर जब्त



पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के बाद दुकानदारी के पास एक व्यक्ति के ब्राउन शुगर बेचकर खड़े होने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके से विशाल रघुवंशी (40), निवासी नया बस स्टैंड के पास, को पकड़ा।

उसके पास से 8 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 80 हजार रुपए है। दूसरी कार्रवाई में विशभरा कॉलोनी रेलवे पुलिया के पास से मनोज उर्फ वस्तु कुशवाह (28) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से भी 8 ग्राम ब्राउन शुगर मिली।

दो स्थानों से 12 पेटी शराब बरामद

पुलिस ने जब्त शराब ढोने में उपयोगित दो पीले से अमिनेशन अहिरवार (35) को गिरफ्तार कर 300 मिलीलीटर देसी शराब जब्त की। इसकी कीमत करीब 48 हजार रुपए आंकी गई। वही सेमरा मोड़ पुलिस के पास से गंजबासौदा मेन्स (32) को पकड़कर उसके कब्जे से 200 क्वार्टर देसी शराब बरामद की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजन रैकवार ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

23 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर बुजुर्ग से 69.27 लाख की ठगी

दीपावली पर बदली बाजार की यातायात व्यवस्था, माधवगंज से बड़ा बाजार तक

डीआर संवाददाता ■■ विदिशा

दीपावली के त्योहार पर बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और जाम की स्थिति से निपटने के लिए विदिशा पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। नए ट्रैफिक प्लान के तहत माधवगंज से बड़ा बाजार तक तीन और चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वहीं मध्यमगंज से तिलक चौक तक दोपहिया वाहन भी नहीं जा सकेंगे।

पुलिस के अनुसार माधवगंज, सिरोंज, तिलक चौक और बड़ा बाजार क्षेत्र में यातायात नियंत्रित किया जाएगा। व्यवस्था का उद्देश्य मुख्य बाजार में भीड़ कम करना और पैदल खरीदारी करने वाले लोगों को परेशानी से बचाना है।



तीन स्थानों पर बनाई पार्किंग

बाजार आने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए तीन स्थानों पर पार्किंग निर्धारित की गई है। माधवगंज बाजार के लिए बाल विहार सड़क यूथ के बाजू में, बगेचाखाली निकासा बाजार के लिए पुरानी नगर पालिका परिषद परिसर में तथा बड़ा बाजार आने वालों के लिए खाई क्रिस के नीचे पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि बाजार पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। इससे त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने में मदद मिलेगी।

युवती की मौत के मामले में युवक पर परेशान करने का आरोप, पुलिस ने मोबाइल जब्त किया

डीआर संवाददाता ■■ विदिशा



शहर के कनेडालेड स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में 22 वर्षीय आरती अहिरवार की मौत के मामले में परिजनों ने एक युवक पर लगातार परेशान करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान रणवीर सिंह अहिरवार की बेटी आरती अहिरवार के रूप में हुई है। बुधवार दोपहर घटना के समय वह घर पर अकेली थी। करीब साढ़े 12 बजे उसकी मां घर पहुंचीं तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिलने पर दूसरे रास्ते से कमरे में पहुंचीं, जहां आरती आरोप अवस्था में मिली। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे।

पिता ने युवक पर लगाए आरोप

आरती के पिता रणवीर सिंह अहिरवार का आरोप है कि एक युवक उनकी बेटी को उसे समय से परेशान कर रहा था। उन्होंने पहले भी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी, जिसके बाद वह करीब तीन महीने जेल में रहा। पिता के मुताबिक जेल से लौटने के बाद भी युवक ने परेशान करना जारी रखा और परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

मोबाइल की जांच करेगी पुलिस

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका सिंगरी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने मृतका का मोबाइल जब्त किया है। इसमें मौजूद कॉल डिटेल, व्हाट्सएप चैट और अन्य डिजिटल जानकारी की जांच की जाएगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा बैठक

स्वामित्व योजना में धीमी प्रगति पर पठारी हटया, कारण बताओ नोटिस जारी

पठारी तहसील में एसडीएम ने किया निरीक्षण, तीन दिन में काम सुधारने के निर्देशय दीपावली पर खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा

डीआर संवाददाता ■■ विदिशा

आगामी दीपावली और अन्य त्योहारों को देखते हुए कुरवाई एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने पठारी तहसील का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान स्वामित्व योजना के अभिलेखों के निष्पादन और पंजीयन में धीमी प्रगति मिलने पर संबंधित पटवारी अमृताल को मुख्यालय से हटाकर जनगणना कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया।



निरीक्षण में सामने आया कि तहसील क्षेत्र में कुल 5641 स्वामित्व अधिकार अभिलेखों का निष्पादन और पंजीयन किया जाना है। इनमें पठारी मुख्यालय के 1545 अभिलेख शामिल हैं। संबंधित पटवारी अमृताल द्वारा अब तक केवल 145 अभिलेखों का कार्य पूरा किया गया है। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए सभी पटवारियों को तीन दिन में कार्य की प्रगति सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही धनरोसस तक कम से कम एक गांव में शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने को कहा। पटवारियों को शुक्र 6 बजे से ही चौपाल में उपस्थित रहकर काम करने के निर्देश दिए गए।

खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर नजर रखने के निर्देश

एसडीएम ने हाट बाजार का निरीक्षण कर खुले खाद्य तेल, सड़े से आने वाली मिलावट और गंदे हो सुरक्षाएं पर विशेषरूप ध्यान देने के निर्देश दिए। त्योहारों के दौरान मिलावट और खाद्य सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

गौशालाओं और राशन वितरण की समीक्षा

दीपावली से पहले गौशालाओं में गौवंश को भरपूर चारा, पानी, हरे पशु, प्रशासन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी पक्के डिलरशिपों को सत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने को कहा।

पटाखा दुकानों पर सुरक्षा के इंतजाम

पटाखा दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखने के साथ पानी के टैंकर, अग्निशमन यंत्र और रेत की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए।

सफाईकर्मियों की हड़ताल से सिरोंज में बिगड़ी सफाई व्यवस्था,

डीआर संवाददाता ■■ सिरोंज।

दीपावली के त्योहार से पहले सिरोंज में सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है। सफाईकर्मियों की हड़ताल के चलते बुधवार सुबह शहर के बाजारों और गलियों में जगह-जगह कचरे के ढेर नजर आए। घरों से कचरा एकत्रित करने वाली गाड़ियां भी नहीं पहुंचीं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष आकाश साहने ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मनगनलाल झोझोट के निर्देश पर मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में सफाईकर्मियों ने हड़ताल शुरू की है। संगठन की ओर से 22 अक्टूबर को प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में 16 सूत्रीय मांग पत्र शासन को सौंपा गया था। इसके बावजूद अब तक मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसी के विरोध में कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया है।

मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल

आकाश साहने के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष और संगठन के निर्देश पर सफाईकर्मी अपनी मांगें पूरी होने तक हड़ताल जारी रखेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि मांगों पर शासन की ओर से निर्णय नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

त्योहार के समय बढ़ी परेशानी

दीपावली के चलते घरों और दुकानों में साफ-सफाई का काम तेजी से चल रहा है। इस कारण सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक कचरा निकल रहा है। ऐसे समय सफाईकर्मियों की हड़ताल से शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बाजारों और रहवासी क्षेत्रों में जमा कचरे के कारण नागरिकों को बदबू और गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन और शासन स्तर पर कर्मचारियों की मांगों को लेकर क्या कदम

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

कार्तिक कृष्ण पक्ष-10 -2083

राजगढ,दिन बुधवार,दिनांक 05 नवंबर,2026

न्यूज गैलरी

वृजेश राव बने कलपुरि महासभा के जिलाध्यक्ष

अशोकनगर। अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा द्वारा वृजेश राव (चन्दौन) को अशोकनगर जिले का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मणराव चौकसे और राष्ट्रीय महामंत्री एम.एल. राव के अनुमोदन से प्रदेश युवा इकाई अध्यक्ष अजितनी राव एवं महासचिव शोकुल आर्य ने यह मनोनयन पत्र जारी किया है। इस दायित्व पर वृजेश राव ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन हित, समाज की मजबूती करने और इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी व समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

दिल्ली महापरने को सफल बनाने एमपी के ड्राइवरों ने भरी हुंकार

अशोकनगर। भारतीय ड्राइवर ट्रांसपोर्ट मजदूर महासभा मध्यप्रदेश की प्रादेशिक बैठक अशोकनगर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा ने की। बैठक में जानकारी 19 नवंबर को नई दिल्ली में होने वाले देशव्यापी महा धरने को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष योगेश शर्मा (हरियाणा) रहे। सचालन प्रदेश महामंत्री हरिसिंह रघुवंशी ने किया। बैठक में प्रदेश के 7 जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि 19 नवंबर को ड्राइवर ट्रांसपोर्ट भवनों महासभा के तहत राज्यभर के हजारों ड्राइवर व ट्रांसपोर्ट श्रमिक दिल्ली पहुंचेंगे। अखिल भारतीय अध्यक्ष योगेश शर्मा ने सहायक कानून बोर्ड के गठन की मांग पर जोर देते हुए इसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

करैया राव शासकीय स्कूल के बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

अशोकनगर। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनकी पढ़ाई में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा उन्नति समूह के सदस्यों द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय करैया राव गांव में विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पेन, रजिस्टर, पेंसिल सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम में शिक्षा उन्नति समूह के सदस्य नीरज अहिरवार, सत्येंद्र शर्मा एवं पीयूष गुप्ता उपस्थित रहे। समूह के सदस्यों ने बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ने तथा कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

55 लाख के उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में लापरवाही, नोटिस के बाद भी नहीं सुधरा काम

अम्बेडकर नगर में , घटिया निर्माण भी लापरवाही, इंजीनियर के निरीक्षण पर भी उठे सवाल

दीआर संवाददाता ■ नरसिंहगढ़



तहसील की रावला ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले अम्बेडकर नगर में करीब 55 लाख रुपए की लागत से बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। भवन निर्माण में अमानक सामग्री का उपयोग होने के साथ ही निर्धारित निर्माण प्रक्रिया का भी पालन नहीं किया जा रहा है। खास बात यह है कि विभागीय इंजीनियर द्वारा निरीक्षण और नोटिस जारी किए जाने के बावजूद ठेकेदार की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार भवन निर्माण में एम-सैंड की जगह घटिया गुणवत्ता वाली क्रेशर का उपयोग किया जा रहा है। इसी सामग्री से ईंटों की चुनाई भी की जा रही है। निर्माण के दौरान गिरफ्तित छत से पानी की तराई नहीं होने की बात भी सामने आई है। इसके अलावा छत, बीम, कॉलम और दीवारों के बीच ऑर स्ट्रिंग्स दिए तथा ईंट और बालू रेत की गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आरोप है कि मौके पर बालू रेत उपलब्ध होने के बावजूद निर्माण में उसका पर्याप्त उपयोग नहीं किया जा रहा है। हैरानी मदन की गजबुद्धि और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

नोटिस के बाद भी नहीं बदली ठेकेदार की कार्यशैली निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा पहले भी विभागीय स्तर पर शिकायत की जा चुकी है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की इंजीनियर सपना दांगी ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर ठेकेदार को नोटिस जारी कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और कमियां ठीर पर घटिया सामग्री का उपयोग जारी है।

पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

इस मे स्वास्थ्य विभाग के उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण में लापरवाही का यह पहला मामला नहीं बताया जा रहा है। इससे पहले खेती, लगुरिया हाडी और सोनकच्छ सहित अन्य स्थानों पर भी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आ चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिवनयतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से ठेकेदारों के हौसले बढ़ रहे हैं। ऐसे में अम्बेडकर नगर के निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

जांच कर कार्रवाई करेंगे

स्वास्थ्य विभाग सारंगढ़ की इंजीनियर भावना दांगी ने बताया कि ठेकेदार को नोटिस दिया गया है। निर्माण कार्य में सामने आई तकनीकी कमियों को सुधारने के निर्देश भी दिए गए हैं। लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसके बावजूद यदि गुणवत्ता नहीं आती है तो जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बाइक सवार अतिथि शिक्षक गिरे, ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से

विद्यालय जाते समय बोड़ा के पास हुआ हादसा, सीसीटीवी फुटेज सामने आया पुलिस ने जांच में लिया



दीआर संवाददाता ■ कुरावर।

कुरावर सुवत बोड़ा के समीप हुए सड़क हादसे में अतिथि शिक्षक रामबाबू वर्मा (45) की मौत हो गई। वे शासकीय माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा जागीर में अतिथि शिक्षक वर्ग-2 (सामाजिक विज्ञान) के पद पर कार्यरत थे। हादसे के समय वे रोजाना की तरह बाइक से विद्यालय जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार, रामबाबू वर्मा बिना सावधानी, निगरानी ढाल लापरवाही जारीर, सुबह करीब करीब बजे बोड़ा के पास से सुवत रहे थे। इसी दौरान उनके आगे चल रही एक कार धीमी होकर रुकी। कार में सवार व्यक्ति ने जैसे ही उतरने के लिए गेट खोला, बाइक सवार शिक्षक उससे टकराकर सड़क पर गिर गए। इसी बीच सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने शुरू की जांच

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सड़क का सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाने की बात पुलिस ने जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है। पुलिस हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

डॉ के आवास में घुसकर धमकाने का आरोप, पार्षद की गिरफ्तारी की मांग

दीआर संवाददाता ■ अशोकनगर

नगर पालिका अशोकनगर के अधिकारी और कर्मचारियों ने धुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप पार्षद पीतैस जैन पर सीएमओ के सरकारी आवास में घुसकर हंगामा करने, कर्मचारियों से अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी की मांग की।

ज्ञापन के अनुसार, 1 नवंबर को सुबह करीब 9 बजे पार्षद अपने साथियों के साथ सीएमओ के सरकारी आवास पहुंचे। वे कर्मचारियों का आरोप है कि वहां दौरान सीएमओ के परिवार और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा सरकारी काम में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी दी गई। कर्मचारियों ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने जल्दबाजी, बिजली, सफाई और अग्निशमन जैसी जरूरी सेवाओं में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो सभी अधिकारी-कर्मचारी कलमबंद हड़ताल करेंगे। वहीं, कांग्रेस ने एकमुकुंदपुर को पत्रांक बताते हुए एसडीओपी कार्यालय की मांग की। कांग्रेस नेता राजीव सिंह यादव का कहना है कि पार्षद लोगों की समस्याएं लेकर सीएमओ के आवास पहुंचे थे और पूरी घटना का लाइव प्रसारण भी किया गया था।

कार्तिक मेले की तैयारियों को लेकर नगर पालिका की बैठक, व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश

दीआर संवाददाता ■ सारंगपुर



नगर के ऐतिहासिक कार्तिक मेले (जतरे) को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए बुधवार को नगर पालिका कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल ने की। इसमें मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, नागरिकों और दुकानदारों की सुविधाओं को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष पालीवाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मेले से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समय में पूरी की जाएं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी दुकानों का लेआउट व्यवस्थित रखा जाए, जिससे दुकानदारों को उचित स्थान मिले और श्रद्धालुओं के आवागमन में बाधा न आए।

इसके अलावा नागरिकों के पहुंचने के लिए सुरक्षित पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। संबंधित शाखाओं को जिम्मेदारियां सौंपकर समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पार्षद मोनाल पाल, राकेश पुष्पद, अमित गिरवे, पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल अहीरवार, सुलतीन खातून, सुनील बागवान, भानु तंवरवी सहित नगर पालिका उपयंत्री विवेकी ब्राह्मणे, सामान्य शाखा प्रभारी राजकुमार गिरवे, स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंदारे और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

दिग्विजय सिंह ने लक्ष्मण सिंह का हाथ पकड़कर कहा- हमारा परिवार एकजुट था, है और रहेगा

दीआर संवाददाता ■ गुना



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और उनके छोटे भाई पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह कुंआवर को गुना जिले के पीपलखेड़ी में रूप संगठन स्वाभिमान यात्रा के दौरान एक मंच पर नजर आए। लंबे समय से दोनों भाइयों के बीच मतभेदों की चर्चाओं के बीच दिग्विजय सिंह ने लक्ष्मण सिंह का हाथ पकड़कर परिवार की एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारा परिवार पहले भी एकजुट था, आज भी है और आगे भी एकजुट रहेगा। वेडकर सुरक्षाया जाएगा। बड़े भाई होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है कि छोटे भाई को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस पर लक्ष्मण सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि उन्हें कोई तकलीफ नहीं हुई है और वे दिग्विजय सिंह के स्वस्थ रहने की कामना करते हैं।

कार्यक्रम से निष्क्रासन के बाद दोनों भाइयों का एक मंच पर साथ आना राजनीतिक और पारिवारिक दृष्टि से चर्चा का विषय रहा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में उम्मीद से आयोजित एक निजाती जा रही सात संस्थान स्वामिमान यात्रा का राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्वागत किया गया। विधायक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने यात्रा की अगवानी की। महिलाओं ने मंगल कलश के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

मंडी में पहले नंबर पर उपज बेचने की होड़

दीआर संवाददाता ■ राजगढ़



खिलचीपुर कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की बंपर आवक के बीच पहले नंबर पर उपज बेचने की होड़ से विवाद की स्थिति बन रही है। मंगलवार रात बड़ी किसानों ने बड़ी संख्या में अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली आड़े-तिरछे खड़े कर जगह घेर ली। सुबह ये ट्रैक्टर और ट्रॉली अलग-अलग खड़ी कर उनके बीच रस्सियां बांध दीं। हजारों दूसरे किसानों को वाहन खड़े करने के लिए जगह नहीं मिल सकी।

परेशान किसानों की सूचना पर खिलचीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आड़े खड़े ट्रैक्टरों को व्यवस्थित करवाया और रस्सियां खुलवाकर रास्ता खाली करवाया।

दरअसल, इन दिनों मंडी में सोयाबीन की जमकी आवक हो रही है। सुबह नीलामी में पहले नंबर पर उपज बेचने के लिए किसान रात से ही ट्रैक्टर लेकर पहुंचने लगे हैं। इसी दौरान कुछ लोग आसपास की जगह घेर लेते हैं, जिससे बाद में आने वाले किसानों को परेशानी होती है।

वहीं, आरोप हैं कि कुछ लोग पैसे लेकर नीलामी में पहले नंबर पर जगह दिलाने की व्यवस्था करते हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को व्यवस्थित करवाया, ताकि सभी किसानों को अपनी उपज बेचने का समान अवसर मिल सके।

दिए निर्देश माइक्रो इरिगेशन का रकबा बढ़ाने पंजीकृत किसानों से संपर्क करें अधिकारी

लहसुन का रकबा बढ़ाने संभावनाओं वाले किसानों की सूची बनाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

दीआर संवाददाता ■ राजगढ़।



जिले में आधुनिक कृषि तकनीकों और सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर डॉ. निशांत कुमार मिश्र ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को मैदानी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किसान कल्याण तथा कृषि विभाग की बैठक में उन्होंने माइक्रो इरिगेशन का रकबा बढ़ाने और जिले में लहसुन की खेती का विस्तार करने पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत पैदागती घटक में सिंकलर, रिली सिंकलर और ड्रिप सिंचाई पद्धति के लिए पंजीकृत किसानों से विभागीय अमला व्यक्तिगत रूप से संपर्क करे। इसके लिए उद्यानिकी और कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारियों तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करने के निर्देश दिए गए।

किसानों को बताएंगे सूक्ष्म सिंचाई के फायदे

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि संयुक्त टीम पंजीकृत किसानों से संपर्क कर उन्हें योजनांतर्गत मिलने वाली सुविधाओं और सूक्ष्म सिंचाई उपकरणों के लाभ की जानकारी दे। किसानों को सिंकलर, रिली सिंकलर और ड्रिप सिंचाई अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक सिंचाई तकनीकों के प्रति किसानों में जागरूकता बढ़ाकर अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए, ताकि जिले में सूक्ष्म सिंचाई का रकबा बढ़ सके।

लहसुन की खेती के विस्तार पर जोर

बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिले में लहसुन की खेती का रकबा बढ़ाने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसानों की पहचान की जाए, जहां लहसुन की खेती के विस्तार की अधिक संभावनाएं हैं। इसके लिए संभावित किसानों की सूची तैयार कर उनसे सीधे संपर्क किया जाए और उन्हें लहसुन उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के लिए मैदानी स्तर पर नियमित संपर्क बनाए रखें। साथ ही किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उन्नत सिंचाई पद्धतियों के उपयोग के लिए लगातार जागरूक करें।

अशोकनगर में नदी किनारे अवैध शराब की भट्टी पकड़ी,

''माधोगढ़ गांव में जमीन में गड़ी तीन टंकियों से मिला लहान, 4 लीटर कच्ची शराब जब्तय आबकारी अधिनियम के तहत दो

दीआर संवाददाता ■ अशोकनगर



जिले के डाल माधोगढ़ में कुवार को आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब बनाने के ठिकाने पर दबिश देकर कार्रवाई की। नदी किनारे पेढ़ों के बीच संचालित भट्टी के पास जमीन में गड़ी तीन टंकियों में शराब बनाने के लिए लहान भरा हुआ मिला। टीम ने मौके पर 650 लीटर लहान नष्ट किया और 4 लीटर हाथभट्ठी की कच्ची शराब जब्त की।

जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अवैध शराब निर्माण की सूचना मिलने पर आबकारी उप निरीक्षक सुरेश रघुवंशी की टीम ने नदी किनारे पहुंचकर जांच की। वहां तीन टंकियों में लहान भरा हुआ मिला, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

विभाग के अनुसार, माधोगढ़ में पहले भी कई बार अवैध शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद गतिविधियां दोबारा शुरू हो जाती हैं। इस मामले में लालजदेव आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ए) और 34(1)(एफ) के तहत दो प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

कार्रवाई में आबकारी आरक्षक अजय सिंह तोमर, मनोहर भील और शिवानी मिलावा शामिल रहे। विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रखने के साथ शराब दुकानों पर स्टॉक की जांच भी की।